बेल्टेड ड्रेसेज का है ट्रेंड, आप भी जरूर करें ट्राई

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

फैशन में अक्सर कुछ ना कुछ नया जरूर देखने को मिलता है और इन दिनों बेल्टेड ड्रेसेज का ट्रेंड सबसे ज्यादा देखने को मिल रहा है। पैंट सूट हो, स्कर्ट हो, मैक्सी ड्रेस हो या फिर साड़ी हो। हर तरह के ड्रेस के साथ बेल्ट लगाकर ड्रेस को अलग और यूनीक लुक देने का ट्रेंड इन दिनों काफी फैशन में है और अगर आपने अब तक इस ट्रेंड को ट्राई नहीं किया है तो आप इसे एक बार जरूर ट्राई करें। आप चाहें तो इन बॉलिवुड दीवाज से बेल्टेड ड्रेसेज को कैरी करने के टिप्स ले सकती हैं।

प्रियंका चोपड़ा की बेल्टेड स्कर्ट: सबसे पहले बात बॉलिवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की। जब बात स्टाइल और फैशन की आती है तो प्रियंका चोपड़ा का नाम सबसे पहले फैशनिस्ता के तौर पर लिया जाता है। इन दिनों बेल्टेड लुक काफी ट्रेंड में है। प्रियंका चोपड़ा ने वाइट कलर की रैपअराउंड शॉर्ट स्कर्ट को येलो कलर की फुल स्लीव्स शर्ट के साथ टीमअप कर पहना था। लेकिन इस ड्रेस की हाइलाइट थी वाइट और गोल्डन कलर की ब्रॉड बेल्ट।

श्रद्धा कपूर का बेल्टेड पैंटसूट: सुशांत सिंह राजपूत संग अपनी आने वाली फिल्म छिछोरे के प्रमोशन के दौरान श्रद्धा कपूर नजर आयीं बेल्टेड पैंटसूट लुक में। ऑफ वाइट कलर के इस पैंटसूट पर ब्लैक कलर से छोटे-छोटे प्रिंट्स बने हुए थे और मैचिंग कलर का हाई वेस्ट बेल्ट इस पैंटसूट को स्मार्ट लुक दे रहा था।

विद्या बालन की बेल्टेड साड़ी: स्कर्ट और पैंटसूट के साथ ही नहीं बल्कि साड़ी संग भी बेल्ट लगाने का फैशन काफी ट्रेंड में है। आप भी चाहें तो बॉलिवुड ऐक्ट्रेस विद्या बालन से टिप्स लेकर साड़ी संग बेल्ट लुक को ट्राई कर सकती हैं। विद्या की पर्पल कलर की साड़ी संग ब्राउन कलर का हाई वेस्ट बेल्ट लुक काफी इन है।

मौनी रॉय का बेल्टेड लहंगा: साड़ी ही नहीं बल्कि लहंगे के साथ भी बेल्ट लगाने का फैशन ट्रेंड में है। आप चाहें तो मौनी रॉय की तरह इस पिंक और रेड लहंगे को ट्राई कर सकती हैं जिसके साथ मौनी ने वाइट कलर की प्लेन बेल्ट ट्राई की है।

आपकी स्किन का सुपरफ्रूट है स्ट्रॉबेरी

स्ट्रॉबेरी और हेल्थ, इन दोनों का गहरा नाता है। स्ट्रॉबेरी न सिर्फ एक यमी फ्रूट है बल्कि सेहत का खजाना है। इसमें भरपूर ऐंटी-ऑक्सिडेंट्स और विटमिन सी होता है जिसकी वजह से इसके कई हेल्थ बेनिफिट्स हैं। सिर्फ हेल्थ बेनिफिट्स ही नहीं बल्कि इसमें कई ब्यूटी सीक्रेट्स भी हैं। स्ट्रॉबेरी आपकी स्किन के लिए सुपरफ्रूट है। स्ट्रॉबेरी आपकी स्किन की बड़ी से बड़ी प्रॉब्लम की नैचरल दवा है। आप जिन स्किन प्रॉबलम्स के लिए लंबे समय से महंगे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स इस्तेमाल कर रही हैं, उन प्रॉब्लम्स को स्ट्रॉबेरी चुटकियों में छू-मंतर कर सकती है।

मुहांसे से लड़े: स्ट्रॉबेरी आपकी स्किन को मुहांसों से बचाती है। स्ट्रॉबेरी में मौजूद ऐंटी ऑक्सिडेंट मुहांसे दूर करने में मदद करते हैं।

इसके लिए स्ट्रॉबेरी का पेस्ट बनाके ऐलेवेरा ऑइल या ऐलोवेरा जेल में मिक्स कर लें। इसे चेहरे में लगाकर २०-३० मिनट के लिए छोड़ दें और फिर पानी से धो लें।

डार्क सर्कल: स्ट्रॉबेरी डार्क सर्कल दूर करने की नैचरल दवा है। यह डार्क सर्कल और आंखों की सूजन को दूर करती है। इसके लिए स्ट्रॉबेरी को करीब ३० मिनट के लिए फ्रिज में छोड़ दें। इसके बाद इसके टुकड़े काट लें और डार्क सर्कल पर रखें। आपको इसका फायदा तुरंत देखने को मिलेगा।

ऐंटी-एजिंग: इसमें मौजूद ऐंटी-ऑक्सिडेंट्स के कारण यह एक बेहतरीन ब्यूटी प्रॉडक्ट है।

स्ट्रॉबेरी आपकी स्किन से रिंकल्स, फाइनलाइन और रूखेपन की भी छुट्टी कर सकती है। इसके लिए स्ट्रॉबेरी का जूस काफी फायदेमंद है।

फेशल क्लीनजर: ज्यादातर स्किन समस्या धूल और गंदगी की वजह से होती है। भागदौड़ के बीत अकसर आप अपनी स्किन का ख्याल नहीं रख पाती हैं और आपको पता भी नहीं चलता है कि आपके चेहरे पर कितनी गंदगी जमा हो गई है। लेकिन अगर आप स्ट्रॉबेरी खाना पसंद करती हैं तो आपको चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

लीजा रे ने साहो के मेकर्स पर लगाया तस्वीर चोरी का आरोप

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस रहीं लीजा रे ने फिल्म साहो के मेकर्स पर तस्वीर कॉपी करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को लीजा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करते हुए लंबा पोस्ट लिखा। लीजा ने अपनी पोस्ट में आरोप लगाया है कि साहो के मेकर्स ने समकालीन आर्टिस्ट शिलो शिव सुलेमान का आर्टवर्क कॉपी किया है और इसे अपने एक पोस्टर में इस्तेमाल किया है।

लीजा ने 2 तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें से एक ऑरिजनल आर्ट वर्क की है और दूसरी इमेज में साहो का एक पोस्टर है जिसमें प्रभास और श्रद्धा कपूर दिखाई दे रहे हैं। लीजा ने लिखा, हमें आगे आकर बोलना चाहिए। इन मेकर्स को आईना दिखाकर बताना चाहिए कि यह सही नहीं है। यह सामने आया है कि इस बिग बजट

फिल्म के प्रॉडक्शन में शिलो की ऑरिजनल तस्वीर का तोड़-मरोड़कर इस्तेमाल किया गया है। यह प्रेरणा नहीं बल्कि खुलेआम चोरी है। यह पूरी दुनिया में कहीं भी स्वीकार्य नहीं है। प्रॉडक्शन ने कहीं भी आर्टिस्ट से संपर्क करने या उनसे इजाजत लेने या क्रेडिट लेने की जरूरत भी नहीं समझी। यह ठीक नहीं है। यह तस्वीर फिल्म के गाने बेबी वॉन्ट यू टेल मी के एक पोस्टर की है।

पोस्टर के बैकग्राउंड में वैसा ही आर्ट वर्क है जैसा कि लीजा की शेयर की तस्वीर में है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर भी कटाक्ष करते हुए लीजा ने कहा कि यह कथित प्रेरणा के नाम पर दूसरे की कहानियों की चोरी करके आगे बढ़ रही है। हालांकि लीजा के इन आरोपों पर साहो के मेकर्स का अभी तक कोई रिऐक्शन नहीं आया है।